खण्ड - 8 संख्या - 1०

# नवम् बिहार विधान-सभा

## विधान-सभा वादवृत्त

**भाग-1, कार्यवाही प्रश्नोत्तर**

**वृहस्पतिवार, तिथि 21 जनवरी, 1988 ई०**

**प्रभारी मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग :** (1) उत्तर स्वीकारात्मक है।

(2) उत्तर स्वीकारात्क है।

(3) प्रश्नाधीन पथ को जून, 1988 तक पूरा करने का लक्ष्य है।

## सड़क का पक्कीकरण

**सामु-286, श्री कुम्भ नारायण सरदार :** क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत छातापुर प्रखण्ड के रतनसार 13 कि०मी० कच्ची सड़क का पक्कीकरण हेतु विश्व बैंक से स्वीकृति 1985 में मिली जिसमें मात्र 8 कि० मी० का पक्कीरण किया गया है और शेष 10 कि० मी० का पक्कीकरण अभी तक नहीं हुआ है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार शेष सड़क का पक्कीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

**प्रभारी मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग :** (1) उत्तर आंशिक रूप से स्वीकारात्मक है। पथ की लम्बाई 16 कि० मी० है जिसके 8 कि०मी० की अंश का ही निर्माण स्वीकृति है। शेष 11 कि०मी० अंश के निर्माण की स्वीकृति अभी तक निधि के अभाव में नहीं दी गई है।

(2) निधि के अभाव में इस पथ के शेष अंश की स्वीकृति देना निकट भविष्य में संभव नहीं है।

## सड़क का पक्कीकरण

**सामु-287. श्री कुम्भ नारायण सरदार :** क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत त्रिवेणीगंज लहरमाया तक तथा राघोपुर के प्रतापगंज से वारबल परसा तक पक्की सड़क है लेकिन उक्त सड़कों के बीच में मात्र 7 कि० मी० कच्चा सड़क है, यदि हां, तो क्या सरकार लहरनीया से बीरबल परसा तक को सड़क जो तीन प्रखंडों को जोड़ती है, का पक्कीकरण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

**प्रभारी मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग :-** उत्तर स्वीकारात्मक हैं। वित्तीय वर्ष 1987-88 में निधि की कमी के कारण पथ की स्वीकृति देना संभव नहीं है।

## सड़क का निर्माण

**सामु-132. श्री कृपा शंकर चटर्जी :** क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(1) क्या यह बात सही है कि वित्तीय वर्ष 1985 से लेकर आज तक विधायक कोटा से धनबाद जिलान्तर्गत निरसा क्षेत्र में सिर्फ 5 कि० मी० सड़क की पक्कीकरण के लिए स्वीकृति मिला है जबकि प्रत्येक वित्तीय वर्ष में पांच-पांच कि०मी० सड़क पक्कीकरण करने का प्रावधान है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्वीकृत पांच कि० मी० सड़क का भी पक्कीकरण अभी तक नहीं किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त विधान-सभा क्षेत्र में विधायक कोटा का सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कब तक और नहीं, तो क्यों?

**प्रभारी मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग :** (1) उत्तर अस्वीकारात्मक है। बिहार सरकार द्वारा विधायक कोटा के अन्तर्गत 1985-86 एवं 1986-87 दो बार पांच-पांच कि०मी० पथ के ग्रा० भू० नि० गारंटी अन्तर्गत विधायक